# NIOS PYQ's SOLUTIONS

PREVIOUS YEARS' QUESTIONS & ANSWERS

APRIL-2024

Your Path to Success

# खण्ड – अ (SECTION – A)

**प्रश्न 1. वर्ण व्यवस्था के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?**

**(A) योद्धा के लिए चयनित व्यक्ति क्षत्रिय बन गया।**

**(B) व्यापारी के लिए चयनित व्यक्ति वैश्य बन गया।**

**(C) पुजारी के लिए चयनित व्यक्ति ब्राह्मण बन गया।**

**(D) खेती के लिए चयनित व्यक्ति शूद्र बन गया।**

**उत्तर** - (D) खेती के लिए चयनित व्यक्ति शूद्र बन गया।

**प्रश्न 2. दिल्ली सल्तनत के शासन के दौरान सैन्य विभाग किसके नियंत्रण में होता था?**

**(A) नवाब** **(B) शहज़ादा**

**(C) मंत्री** **(D) सेनापति**

**उत्तर** - (C) मंत्री ('दीवान-ए-अर्ज')

**प्रश्न 3. निम्नलिखित में कौन-सा वायुयान एक हेलिकॉप्टर नहीं है?**

**(A) Mi-26** **(B) MiG-27**

**(C) चेतक** **(D) चीता**

**उत्तर** - (B) MiG-27 {एक एकल इंजन वाला रूसी फाइटर प्लेन (लड़ाकू विमान) है।}

**प्रश्न 4. निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से वायुयान परिवहन के लिए है/हैं?**

**(i) MiG-29** **(ii) एवरो (ए० वी० आर० ओ०)**

**(iii) An-32** **(iv) चीता**

**(A) केवल (ii)** **(B) केवल (iii)**

**(C) केवल (ii) और (iii)** **(D) केवल (i) और (iv)**

**उत्तर** - (C) केवल (ii) और (iii)

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 5. जनरल सर जॉन क्रैडॉक 1806 में किस सेना के मुख्य सेनापति थे?**

**(A) मद्रास आर्मी**

**(B) कलकत्ता आर्मी**

**(C) बॉम्बे आर्मी**

**(D) ब्रिटिश आर्मी**

**उत्तर** - (A) मद्रास आर्मी

**प्रश्न 6. भारत का पहला स्वतंत्रता संग्राम किस वर्ष हुआ था?**

**(A) 1855**

**(B) 1861**

**(C) 1859**

**(D) 1857**

**उत्तर** - (D) 1857

**अथवा**

**नेटिव (देशी) रेजिमेंट के युवा ब्रिटिश अफसरों के लिए क्या सीखना आवश्यक था?**

**(A) अंग्रेजी भाषा**

**(B) भारतीय भाषा**

**(C) विदेशी भाषा**

**(D) उर्दू भाषा**

**उत्तर** - (B) भारतीय भाषा

**प्रश्न 7. आर्चड्यूक फ्रांज़ फर्डिनेंड, जिसकी हत्या 1914 में की गई थी, किस देश का युवराज था?**

**(A) ऑस्ट्रिया-हंगरी**

**(B) जर्मनी**

**(C) फ्रांस**

**(D) इटली**

**उत्तर** - (A) ऑस्ट्रिया-हंगरी

**प्रश्न 8. प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान बने ट्रिपल अलायंस (Triple Alliance) में जर्मनी, ऑस्ट्रिया के अतिरिक्त और कौन-सा देश शामिल था ?**

**(A) बोस्निया**

**(B) फ्रांस**

**(C) स्पेन**

**(D) हंगरी**

**उत्तर** - (D) हंगरी

**अथवा**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान बने 'ट्रिपल एन्टेन्टे' (Triple Entente) में इंग्लैंड, फ्रांस के अतिरिक्त और कौन-सा देश शामिल था ?**

**(A) पोलैंड** **(B) पुर्तगाल**

**(C) डेनमार्क** **(D) रूस**

उत्तर - (D) रूस

**प्रश्न 9. अंग्रेजों ने भारत में नेटिव आर्मी (Native army) की स्थापना कब की थी?**

**(A) जब ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत में प्रवेश किया**

**(B) जब फ्रांसीसी भी भारत में आ गए**

**(C) जब ब्रिटिश सरकार ने ईस्ट इंडिया कंपनी को अपने नियंत्रण में ले लिया**

**(D) भारतीय राजाओं की प्रार्थना पर**

उत्तर - (C) जब ब्रिटिश सरकार ने ईस्ट इंडिया कंपनी को अपने नियंत्रण में ले लिया

**प्रश्न 10. जनरल के० एम० करियप्पा ने किस वर्ष में स्वतंत्र भारत के प्रथम मुख्य सेनापति (कमांडर-इन-चीफ) का पद सँभाला था?**

**(A) 1947** **(B) 1948**

**(C) 1949** **(D) 1950**

उत्तर - (C) 1949 *(NIOS की पुस्तक के अनुसार, 1948 में ग्रहण किया)*

**अथवा**

**पारंपरिक मूल से जाना जाने वाला सैनिक संगठन 'बैटरी' अथवा 'स्क्वाड्रन' का दूसरा नाम क्या था?**

**(A) प्लाटून** **(B) सेक्शन**

**(C) रेजिमेंट** **(D) कंपनी**

उत्तर - (D) कंपनी

**प्रश्न 11. सेना के निम्नलिखित पदों में से निम्नतम पद कौन-सा है?**

**(A) लेफ्टिनेंट जनरल** **(B) जनरल**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(C) ब्रिगेडियर** **(D) मेजर जनरल**

उत्तर - (C) ब्रिगेडियर

**अथवा**

**निम्नलिखित जूनियर पदों में से सर्वोच्च पद कौन-सा है?**

**(A) नायब सूबेदार** **(B) हविलदार अथवा हवलदार**

**(C) लांस नायक** **(D) सूबेदार**

उत्तर - (D) सूबेदार

**प्रश्न 12. निम्नलिखित में से कौन-सा एक कार्य, भारतीय नौसेना के हितैषी कार्य का उदाहरण है?**

**(A) खोजना और बचाना** **(B) समुद्री पहरा देना**

**(C) निगरानी करना** **(D) सूचनात्मक कार्रवाई**

उत्तर - (A) खोजना और बचाना

**अथवा**

**भारतीय तट रक्षक (Indian Coast Guard) की स्थापना किस वर्ष में हुई थी ?**

**(A) 1976** **(B) 1977**

**(C) 1978** **(D) 1979**

उत्तर - (C) 1978

**प्रश्न 13. उस जलयान की पहचान कीजिए जो एक (सतही बेड़ा) सरफेस फ्लीट नहीं है।**

**(A) एयरक्राफ्ट कैरियर** **(B) डिस्ट्रॉयर**

**(C) रिप्लेनिशमेंट शिप** **(D) फ्रिगेट**

उत्तर - (C) रिप्लेनिशमेंट शिप

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**अथवा**

**निम्नलिखित में से कौन-सा एक क्रूज़ मिसाइल सिस्टम का अंग नहीं है?**

**(A) GSAT-7**

**(B) Klub SS-N-27**

**(C) निर्भय क्रूज़ मिसाइल**

**(D) एंटी-शिप मिसाइल सिस्टम - ब्रह्मोस**

**उत्तर** - (A) GSAT-7 (एक नौसेना उपग्रह है, जबकि अन्य मिसाइल प्रणालियाँ हैं)

**प्रश्न 14. निम्नलिखित में से कौन-सी शाखा भारतीय वायुसेना की फ्लाइंग ब्रांच का अंग नहीं है?**

**(A) फाइटर**

**(B) ट्रांसपोर्ट**

**(C) इलेक्ट्रॉनिक्स**

**(D) हेलिकॉप्टर**

**उत्तर** - (C) इलेक्ट्रॉनिक्स

**अथवा**

**भारतीय वायुसेना की ग्राउंड ड्यूटी ब्रांच की दो शाखाएँ कौन-कौन-सी हैं?**

**(A) अकाउंट्स और मैकेनिकल**

**(B) अकाउंट्स और लॉजिस्टिक्स**

**(C) एजुकेशन और मेडिकल**

**(D) मीटियोरोलॉजी और इलेक्ट्रॉनिक्स**

**उत्तर** - (B) अकाउंट्स और लॉजिस्टिक्स (साजो-सामान)

**प्रश्न 15. भारत-चीन युद्ध से संबंधित कथनों में से नीचे दिए गए विकल्पों से सही विकल्प चुनिए।**

(i) भारतीय क्षेत्र की 50000 वर्ग मील भूमि चीन के अनुसार, चीन के मानचित्र में दिखायी गयी थी।

(ii) भारत द्वारा उसका विरोध करने पर भी, चीन ने उस समस्या का कोई समाधान नहीं निकाला।

**(A) (i) और (ii) दोनों सही हैं**

**(B) केवल (i) सही है**

**(C) केवल (ii) सही है**

**(D) कोई भी सही नहीं है**

**उत्तर** - (A) (i) और (ii) दोनों सही हैं

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 16. 1962 में चीन द्वारा भारत के पूर्वी क्षेत्र में किए गए आक्रमण से संबंधित निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**

**(A) 20 अक्टूबर, 1962 को चीन ने असम के थांगला पर आक्रमण किया।**

**(B) 21 अक्टूबर, 1962 को चीन ने वालोंग पर भी आक्रमण किया।**

**(C) भारतीय सेना चीन का मुकाबला करने के लिए पूरी तरह तैयार थी।**

**(D) चीन ने थांगला तथा वालोंग के कुछ भागों पर कब्ज़ा कर लिया।**

**उत्तर** - (C) भारतीय सेना चीन का मुकाबला करने के लिए पूरी तरह तैयार थी।

**प्रश्न 17. संयुक्त राष्ट्र के महासचिव यू थान्ट ने भारत और पाकिस्तान दोनों को युद्ध रोकने के लिए किस तिथि को अपील की थी?**

**(A) 27 सितम्बर, 1965** **(B) 2 अक्टूबर, 1965**

**(C) 20 सितम्बर, 1965** **(D) 2 सितम्बर, 1965**

**उत्तर** - (C) 20 सितम्बर, 1965

**अथवा**

**1965 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के समय भारत का रक्षा मंत्री कौन था?**

**(A) बाबू जगजीवन राम** **(B) वाइ० बी० चव्हाण**

**(C) लाल बहादुर शास्त्री** **(D) इंदिरा गाँधी**

**उत्तर** - (B) वाइ० बी० चव्हाण (यशवंतराव चव्हाण)

**प्रश्न 18. आतंकवादी समूहों द्वारा निम्नलिखित में से किस युक्ति का प्रयोग नहीं किया जाता ?**

**(A) वे विस्फोटक का प्रयोग करते हैं**

**(B) आक्रमण आयोजित नहीं होते हैं**

**(C) गुप्त एजेंटों को काम में लाया जाता है**

**(D) लड़ाई का कोई नियम नहीं होता है**

**उत्तर** - (B) आक्रमण आयोजित नहीं होते हैं

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**अथवा**

**भारत में वामपंथी आतंकवाद की शुरुआत कहाँ से हुआ?**

**(A) पश्चिम बंगाल**

**(B) झारखण्ड**

**(C) छत्तीसगढ़**

**(D) बिहार**

**उत्तर** - (A) पश्चिम बंगाल

**प्रश्न 19. यहूदिया में लोगों के एक समूह ने, जो रोमवासियों के विरूद्ध थे, आतंकवाद की शुरूआत की ?**

**(A) पहली शताब्दी ई० में**

**(B) ग्यारहवीं शताब्दी ई० में**

**(C) सोलहवीं शताब्दी ई० में**

**(D) उन्नीसवीं शताब्दी ई० में**

**उत्तर** - (A) पहली शताब्दी ई० में

**प्रश्न 20. 2004 में पीपल्स वॉर ग्रूप तथा एम० सी० सी० के विलय के पश्चात् किस राजनीतिक दल का उदय हुआ ?**

**(A) नक्सलवादी**

**(B) सी० पी० आइ०**

**(C) सी० पी० आइ० (मार्क्सवादी)**

**(D) सी० पी० आइ० (माओवादी)**

**उत्तर** - (D) सी० पी० आइ० (माओवादी)

**अथवा**

**नारको-आतंकवादी निम्नलिखित में से कौन-सा काम करते हैं?**

**(A) नशीले पदार्थों का प्रयोग**

**(B) नशीले पदार्थों का व्यापार**

**(C) हिंसात्मक गतिविधियाँ**

**(D) आतंकवादी बनने की दूसरों को प्रेरणा देते हैं**

**उत्तर** - (B) नशीले पदार्थों का व्यापार

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 21. निम्नलिखित का सही मिलान कीजिए :**

| स्तम्भ - A | स्तम्भ - B |
|---|---|
| (a) रेगुलर आर्मी | (i) लड़ाई के लिए एक दक्ष सेना |
| (b) प्रॉपर आर्मी | (ii) स्थायी सेना |
| | (iii) तकनीकी रूप से निपुण सेना |

**उत्तर** - (a) - (ii) , (b) - (i)

**प्रश्न 22. 544 ई० पू० मगध का प्रारम्भिक शासक _____ था और उसके पश्चात् मगध का विस्तार _____ वंश के रूप में हुआ।**

**उत्तर** - (i) बिंबसार, (ii) नंद

**प्रश्न 23.**

**(a) बाबर ने _____ से _____ दर्रे से होते हुए भारत पर आक्रमण किया।**

**उत्तर** - (i) काबुल, (ii) खैबर

**अथवा**

**(b) अस्पष्टता के समय मुगल सेना कूच के दौरान बिना किसी _____ के ऐसे चला करती थी जैसे _____ का झुंड अनियमित चलता है।**

**उत्तर** - (i) अनुशासन, (ii) जानवरों

**प्रश्न 24.**

**(a) शुरू-शुरू में मुगल सेना द्वारा की जाने वाली लड़ाइयों में मुख्यतया घोड़ों तथा _____ का प्रयोग होता था और उनके पास धनुष, बाण, तलवारें तथा _____ जैसे हथियार होते थे।**

**उत्तर** - (i) हाथी सवार, (ii) ढालों

**अथवा**

**(b) अरबी भाषा में तलवार का सामान्य नाम _____ और फारसी भाषा में इसे _____ कहते थे।**

**उत्तर** - (i) तेग़, (ii) शमशीर

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 25.**

**(a) कौटिल्य के ग्रंथ _____ में नावाध्यक्ष अथवा जलपोतों के अधीक्षक का ज़िक्र उस समय के _____ व्यापार को उजागर करता है।**

उत्तर - (i) अर्थशास्त्र, (ii) समुद्री

**अथवा**

**(b) भारतीय वायुसेना की स्थापना _____ वायुसेना द्वारा की गई थी और इसके पहले स्क्वाड्रन को 1 अप्रैल _____ को कमीशन्ड किया गया था।**

उत्तर - (i) ब्रिटिश (रायल), (ii) 1933

**प्रश्न 26. निम्नलिखित का सही मिलान कीजिए:**

| स्तम्भ - A | स्तम्भ-B |
|---|---|
| (a) प्रथम स्वतंत्रता संग्राम | (i) 1806 |
| (b) प्रथम भारतीय गदर | (ii) 1857 |
| | (iii) 1859 |

उत्तर - (a) - (ii), (b) - (i)

**प्रश्न 27. प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान भारतीय टुकड़ियों के अनुशासित व्यवहार ने उन्हें उन सब _____ में _____ बना दिया जहाँ-जहाँ वे गए थे।**

उत्तर - (i) देशों, (ii) प्रिय

**प्रश्न 28. भारतीय सेना ने फ्लैन्डर्स में युद्ध किया जहाँ सिपाही _____ की वीरता के कारण उसे प्रतिष्ठित _____ प्राप्त हुआ, जो युद्ध में बहादुरी के लिए उच्चतम सम्मान था।**

उत्तर - (i) खुदादाद खान, (ii) विक्टोरिया क्रास

**प्रश्न 29.**

**(a) भारतीय वायुसेना का प्राथमिक उद्देश्य देश की _____ करना है और द्वितीय उद्देश्य _____ आपदा के दौरान नागरिकों की सहायता करना है।**

उत्तर - (i) रक्षा, (ii) प्राकृतिक

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**अथवा**

**(b) MiG-29 _____ इंजन वाला एक सीट का _____ से प्राप्त विमान है।**

उत्तर - (i) दो, (ii) रूसी तकनीक

**प्रश्न 30. अरुणाचल प्रदेश में भारत और _____ के बीच की सीमा-रेखा को एक अंग्रेज ने सर हेनरी _____ रेखा के रूप में 1914 में अंकित किया था।**

उत्तर - (i) चीन, (ii) मैकमोहन

**प्रश्न 31. निम्नलिखित का सही मिलान कीजिए :**

| स्तम्भ- A | स्तम्भ-B |
|---|---|
| (a) पाकिस्तानी घुसपैठियों द्वारा पुंछ पर आक्रमण | (i) 9 अगस्त, 1965 |
| (b) भारतीय सेना ने सीमा-रेखा को पार किया | (ii) 12 दिसम्बर, 1965 |
| | (iii) 15 अगस्त, 1965 |

उत्तर - (a) - (i), (b) - (iii)

**प्रश्न 32.**

**(a) 1971 में पाकिस्तान के साथ युद्ध के समय _____ भारत की प्रधानमंत्री थी और _____ रक्षा मंत्री थे।**

उत्तर - (i) इन्दिरा गाँधी, (ii) बाबू जगजीवन राम

**अथवा**

**(b) 1971 के युद्ध के दौरान, राजस्थान सेक्टर में, पाकिस्तान ने _____ पर आक्रमण किया और भारतीय थल सेना ने जवाबी हमला करके पाकिस्तान को _____ हटने के लिए मजबूर कर दिया।**

उत्तर - (i) लौंगवाल, (ii) पीछे

**प्रश्न 33.**

**(a) 26 अक्टूबर, _____ को जम्मू और कश्मीर के महाराजा ने विलय-पत्र पर हस्ताक्षर किए और कानूनी रूप से उसका भारत में _____ हो गया।**

उत्तर - (i) 1947, (ii) विलय

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**अथवा**

**(b) पूर्वोत्तर भारत सात राज्यों को दर्शाता है जिनमें नागालैण्ड, _____ मणिपुर, _____ त्रिपुरा और _____ शामिल हैं।**

उत्तर - (i) मिजोरम, (ii) मेघालय, (iii) असम, अरुणाचल प्रदेश

**प्रश्न 34. निम्नलिखित का सही मिलान कीजिए :**

| स्तम्भ-A | स्तम्भ-B |
|---|---|
| (a) माओवादी या नक्सलवादियों से बहुत अधिक प्रभावित क्षेत्र | (i) आंध्र प्रदेश |
| (b) माओवादी विस्तार के नए क्षेत्र | (ii) केरल |
| | (iii) असम |

उत्तर - (a) - (i), (b) - (ii)

**प्रश्न 35.**

**(a) भारत सरकार ने रेड कॉरिडोर क्षेत्र में _____ से निपटने के लिए _____ की नीति को अपनाया।**

उत्तर - (i) राजद्रोहियों, (ii) विकास

**अथवा**

**(b) आन्तरिक विद्रोह के विरुद्ध कार्रवाई करते समय सरकार को चाहिए कि वह _____ को _____ द्वारा दिए जाने वाले समर्थन को समाप्त कर दे।**

उत्तर - (i) राजद्रोहियों, (ii) लोगों

# खण्ड – ब (SECTION – B)

**प्रश्न 36.**

**(a) 'कूटयुद्ध' का अर्थ स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर - कूटयुद्ध का अर्थ खुफिया, गुप्त या मनोवैज्ञानिक युद्ध है। इसमें शत्रु को सीधे युद्ध के बजाय कूटनीति, धोखे और मनोवैज्ञानिक दबाव से पराजित किया जाता है। यह एक ऐसी रणनीति है जहाँ बुद्धिमत्ता और रणनीतिक चालों का उपयोग करके दुश्मन की शक्ति को बिना बड़े सैन्य टकराव के क्षीण किया जाता है।

**अथवा**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(b) कौटिल्य के अनुसार सेना के चार मुख्य घटकों को उजागर कीजिए।**

**उत्तर** - कौटिल्य ने चतुरंगबल को सेना का मुख्य अंग माना है, जिसके चार मुख्य घटक हैं -

1. **रथ** : व्यूह रचना को अभेद्य बनाने और पीछे से आक्रमण के लिए प्रयुक्त।
2. **हाथी** : युद्ध में बल प्रयोग और सामान ढोने के लिए महत्वपूर्ण।
3. **घुड़सवार** : सबसे तेज चलने वाला बल, जो आश्चर्यजनक आक्रमण करने में सक्षम था।
4. **पैदल सेना** : सेना के संख्या बल में वृद्धि करने वाली मुख्य लड़ाका टुकड़ी।

**प्रश्न 37.**

**(a) तराइन के दोनों युद्ध कब और किनके बीच लड़े गए?**

**उत्तर** - तराइन का प्रथम युद्ध 1191 ई. में और द्वितीय युद्ध 1192 ई. में लड़ा गया। ये दोनों युद्ध मोहम्मद गोरी और अजमेर के राजपूत राजा पृथ्वीराज चौहान के मध्य वर्तमान हरियाणा के तराइन में हुए थे। पहले युद्ध में पृथ्वीराज चौहान विजयी हुए, जबकि दूसरे में मोहम्मद गोरी की जीत हुई।

**अथवा**

**(b) दिल्ली सल्तनत की किन्हीं दो आंतरिक कमज़ोरियों का उल्लेख कीजिए जिनके कारण बार-बार विद्रोह होते थे।**

**उत्तर** - दिल्ली सल्तनत के पतन और बार-बार होने वाले विद्रोहों के दो प्रमुख कारण -

1. **आंतरिक सत्ता लोलुपता** : उत्तराधिकार के निरंतर युद्ध, राजवंशों के भीतर विश्वासघात, धोखा और शाही परिवारों में आपसी बगावत।
2. **भाड़े के सैनिकों पर नियंत्रण का अभाव** : ये सैनिक धन के लिए किसी की भी सेवा करते थे, जिससे छोटे राजाओं ने इनका प्रयोग सुल्तान के विरुद्ध विद्रोह हेतु किया।

**प्रश्न 38.**

**(a) 'मैग्ना कार्टा' किस प्रकार का दस्तावेज था? इसके दिशा-निर्देश किन सिद्धान्तों पर आधारित थे ?**

**उत्तर** - यह एक अधिकार पत्र था, जिसे भारतीयों का 'मैग्ना कार्टा' कहा गया। इसे 1 नवम्बर, 1858 को लॉर्ड कैनिंग ने ब्रिटिश महारानी की ओर से पढ़ा था। इसके दिशा-निर्देश न्याय और धर्म के सिद्धांतों पर आधारित थे, जिनमें विद्रोहियों को माफी देने, धार्मिक स्वतंत्रता बनाए रखने और ब्रिटिश साम्राज्य के विस्तार की नीति रोकने का आश्वासन दिया गया था।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**अथवा**

**(b) 1857 के विद्रोह के लिए धर्म से जुड़ी कौन-सी दो अफ़वाहें उत्तरदायी थीं?**

**उत्तर** - धर्म से जुड़ी दो प्रमुख अफवाहें -

1. **कारतूसों में चर्बी** : नई एनफील्ड राइफल के कारतूसों पर गाय और सूअर की चर्बी लगी होने की अफवाह, जिसे उपयोग हेतु दांतों से काटना पड़ता था।
2. **धर्म परिवर्तन का भय** : यह भ्रम कि ब्रिटिश सरकार भारतीयों को ईसाई बना रही है और सती प्रथा बंद करके उनके धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप कर रही है।

**प्रश्न 39. प्रथम विश्वयुद्ध से पहले, ब्रिटिश शासन के दौरान, भारतीय सेना का मुख्य कार्य क्या था?**

**उत्तर -** प्रथम विश्वयुद्ध से पहले ब्रिटिश भारतीय सेना का मुख्य कार्य आंतरिक सुरक्षा बनाए रखना और पुलिस व्यवस्था के पूरक के रूप में कार्य करना था। उन्हें मुख्य रूप से 'देशी सेनाओं' के रूप में गठित किया गया था, जिनका उद्देश्य औपनिवेशिक हितों की रक्षा और स्थानीय विद्रोहों को दबाना था।

**प्रश्न 40. सैनिक कार्यों के लिए बने 'इंटीग्रेटेड स्पेस सेल' की मुख्य भूमिका का विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर -** 'इंटीग्रेटेड स्पेस सेल' की मुख्य भूमिका अंतरिक्ष परिसंपत्तियों का सैन्य उद्देश्यों के लिए प्रभावशाली ढंग से प्रयोग करना है। यह सेल थल, जल और वायु सेना द्वारा संयुक्त रूप से संचालित होता है, जो इसरो (ISRO) के सहयोग से अंतरिक्ष टेक्नोलॉजी और उपग्रहों (जैसे कार्टोसैट और रिसैट-2) का उपयोग निगरानी और संचार हेतु करता है।

**प्रश्न 41.**

**(a) कारगिल युद्ध में भारत की मारक शक्ति ने किस प्रकार एक महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की? स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर -** कारगिल युद्ध में भारत की मारक शक्ति, विशेषकर तोपखाने (Artillery) ने निर्णायक भूमिका निभाई। लगभग 250 तोपों, जिनमें बोफोर्स होवित्जर प्रमुख थीं, ने पाकिस्तानी घुसपैठियों के बंकरों पर तीव्र गोलाबारी की। दैनिक रूप से हजारों गोले दागकर शत्रु का मनोबल तोड़ा गया, जिससे भारतीय पैदल सेना को ऊँची चोटियों पर पुनः कब्जा करने में रणनीतिक बढ़त मिली।

**अथवा**

**(b) भारतीय सैनिकों ने सियाचिन ग्लेशियर में किस प्रकार युद्ध लड़ा? स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर** - भारतीय सैनिकों ने सियाचिन ग्लेशियर पर अत्यधिक ऊँचाई और -48°C से -50°C तक के जानलेवा तापमान में युद्ध लड़ा। यह विश्व का सबसे ऊँचा युद्धक्षेत्र है जहाँ सैनिकों ने ऑक्सीजन की कमी और बर्फीले तूफानों का सामना करते

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

हुए पाकिस्तानी घुसपैठ का मुकाबला किया। उन्होंने अपने शौर्य और कठिन प्रशिक्षण के बल पर इन दुर्गम चोटियों पर भारतीय नियंत्रण सुनिश्चित किया।

**प्रश्न 42. 'आत्मघाती बॉम्बर' की भूमिका का आकलन कीजिए।**

**उत्तर -** 'आत्मघाती हमलावर' वे प्रशिक्षित युवा होते हैं जो मनोवैज्ञानिक रूप से स्वयं को बम के साथ उड़ाने के लिए तैयार रहते हैं। इनका उपयोग सार्वजनिक स्थानों पर अधिकतम जनहानि करने और दहशत फैलाने हेतु 'मानव बम' के रूप में किया जाता है। इस पद्धति का सर्वप्रथम प्रयोग श्रीलंका में लिट्टे (LTTE) द्वारा किया गया था।

**प्रश्न 43.**

**(a) वैदिक काल के समय की अश्वारोही सेना की किन्हीं तीन विशेषताओं की परख कीजिए।**

**उत्तर** - वैदिक काल में अश्वारोही (घुड़सवार) सेना की तीन मुख्य विशेषताएँ -

1. **उच्च गतिशीलता :** यह सेना का सबसे तेज चलने वाला बल था जो युद्ध में आश्चर्यजनक आक्रमण करने में सक्षम था।
2. **कुशल प्रबंधन :** घोड़ों के रखरखाव और प्रशिक्षण के लिए विशेष निरीक्षकों की नियुक्ति की जाती थी।
3. **सामरिक प्रभाव :** युद्ध के मैदान में तीव्र गति से कार्य करना और शत्रु की घेराबंदी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना।

**अथवा**

**(b) सेना में कूच से पूर्व बनाई जाने वाली योजना के लिए आवश्यक जानकारी के विवरण का विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर -** सेना में कूच (मार्च) से पूर्व बनाई जाने वाली योजना के लिए रास्ते का चयन करना, उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करना, तथा मौसम और जलवायु की सटीक जानकारी लेना आवश्यक था। इसके अतिरिक्त, सेना को कितनी दूरी तय करनी है और भौगोलिक परिवेश के आधार पर कहाँ शिविर (तम्बू) लगाए जाएँगे, इसका भी पूर्व निरीक्षण किया जाता था ताकि स्थानीय संसाधनों का उपयोग किया जा सके।

**प्रश्न 44.**

**(a) मुगल सेना के सिपाहियों के आश्रय के रूप में प्रयोग किए जाने वाले शिविरों की विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर -** मुगल सेना के सिपाहियों के आश्रय के रूप में प्रयोग किए जाने वाले शिविरों की प्रमुख विशेषताएँ -

1. **गतिशील शहर जैसा स्वरूप :** मुगल सैन्य शिविर एक चलते-फिरते शहर के समान होते थे। इनमें प्रत्येक सिपाही के लिए अलग व्यक्तिगत तम्बू की व्यवस्था होती थी।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

2. **मजबूत सुरक्षा व्यवस्था :** इन शिविरों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाता था। शिविर के प्रवेश द्वार के एक ओर हाथी और घोड़े तैनात किए जाते थे, जबकि दूसरी ओर भारी तोपें और शिकारी बाघ रखे जाते थे।

3. **स्थान का चयन :** शिविर लगाने के लिए सुरक्षित और समतल स्थान चुना जाता था। यह कार्य 'मीर मंज़िल' नामक अधिकारी करता था, ताकि सैनिकों, रसद और दुकानों के लिए उचित व्यवस्था हो सके।

4. **तोपों की रणनीतिक तैनाती :** रास्तों और शिविर की रक्षा के लिए भारी तोपों को मुख्य शिविर से कुछ दूरी पर तैनात किया जाता था। इससे शत्रु के आक्रमण को रोकने में सहायता मिलती थी।

**अथवा**

**(b) मुगल सेना में हाथियों के महत्त्व की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर -** मुगल सैन्य व्यवस्था में हाथियों का अत्यधिक सामरिक और प्रतिष्ठापरक महत्त्व था। सम्राट अकबर के काल में हाथियों का युद्ध के मैदान में व्यापक प्रयोग होता था और जिस विशेष हाथी पर बादशाह स्वयं सवार होता था, उसे 'खास' कहा जाता था। हाथियों को 10, 20 या 30 के समूहों में संगठित किया जाता था, जिन्हें 'हलक' या एकल डिवीजन कहा जाता था। युद्ध में प्रहार करने के साथ-साथ हाथी भारी बोझा ढोने और रसद पहुँचाने के प्रमुख साधन थे। हालांकि, तोपखाने के बढ़ते प्रभाव के कारण मुगल साम्राज्य के उत्तरार्ध में युद्ध में इनकी सक्रिय भूमिका कम हो गई और वे मुख्य रूप से प्रदर्शन के साधन बनकर रह गए।

**प्रश्न 45. द्वितीय विश्वयुद्ध को अद्वितीय बनाने वाले किन्हीं तीन कारकों को उजागर कीजिए।**

**उत्तर** - द्वितीय विश्वयुद्ध (1939-1945) को अद्वितीय और विनाशकारी संघर्ष बनाने वाले तीन प्रमुख कारक -

1. **व्यापकता और तीव्रता :** इस युद्ध में 30 से अधिक देशों ने भाग लिया और यह प्रथम विश्वयुद्ध की तुलना में कहीं अधिक व्यापक और घातक था, जिसमें लाखों लोगों की जान गई।

2. **दो विशाल मोर्चे :** यह युद्ध एक साथ दो प्रमुख भौगोलिक क्षेत्रों में लड़ा गया—पश्चिमी मोर्चा (यूरोप व अफ्रीका) और पूर्वी मोर्चा (दक्षिण-पूर्वी एशिया)।

3. **परमाणु अस्त्रों का प्रयोग :** युद्ध के अंतिम चरण में अमेरिका द्वारा जापान के हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु बम गिराए गए, जो सैन्य इतिहास में इस प्रकार के विनाशकारी हथियारों का एकमात्र प्रयोग है।

**प्रश्न 46. 1960 के दशक में भारतीय नौसेना की किन्हीं तीन मुख्य कार्रवाइयों को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर -** 1960 के दशक में भारतीय नौसेना की प्रमुख कार्रवाइयाँ -

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

1. **गोवा मुक्ति (1961) :** 'ऑपरेशन विजय' के अंतर्गत नौसेना ने पुर्तगाली शासन के विरुद्ध थल सेना की सहायता हेतु गोलाबारी की और गोवा की आजादी सुनिश्चित की।

2. **भारत-चीन युद्ध (1962) :** इस हिमालयी संघर्ष के दौरान भौगोलिक कारणों से नौसेना की भूमिका सीमित रही, फिर भी उसने समुद्री सीमाओं पर सतर्कता बनाए रखी।

3. **भारत-पाक युद्ध (1965) :** नौसेना ने तटीय क्षेत्रों में गहन पेट्रोलिंग की। जब पाकिस्तानी नौसेना ने द्वारका पर हमला किया, तब भारतीय नौसेना ने जवाबी रणनीति के तहत तटीय रक्षा हेतु अपने संसाधन तैनात किए और अन्य बंदरगाहों पर बमबारी को रोका।

**प्रश्न 47. कारगिल की लड़ाई में भारतीय नौसेना की भूमिका को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर** - कारगिल युद्ध (1999) में भारतीय नौसेना ने 'ऑपरेशन तलवार' के माध्यम से पाकिस्तान पर जबरदस्त रणनीतिक दबाव बनाया। नौसेना ने उत्तरी अरब सागर में मिसाइल बोट और युद्धपोतों की आक्रामक तैनाती की तथा कराची बंदरगाह की पूर्ण नाकाबंदी कर दी। इसके कारण पाकिस्तान का समुद्री रसद मार्ग और तेल की आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। स्थिति इतनी गंभीर थी कि पाकिस्तान के पास केवल छह दिनों का तेल शेष बचा था। इस प्रकार, नौसेना ने समुद्र में पाकिस्तान की कमर तोड़ दी, जिससे उसे अपनी सेना पीछे हटाने और युद्ध समाप्त करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

**प्रश्न 48.**

**(a) जातीय-राष्ट्रवादी आतंकवाद की प्रकृति का दो उदाहरणों की सहायता से विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर** - जातीय-राष्ट्रवादी आतंकवाद में समूह अपनी विशिष्ट जातीय पहचान के आधार पर अधिक स्वायत्तता या अलग राष्ट्र की माँग करते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि सरकार द्वारा उनके अधिकारों का हनन किया जा रहा है। इसके दो प्रमुख उदाहरण निम्नलिखित हैं -

1. **उल्फा (ULFA) :** भारत के असम में सक्रिय यह संगठन अलग बोडोलैंड या स्वायत्तता की माँग के लिए हिंसक और आतंकवादी गतिविधियों का सहारा लेता है।

2. **एलटीटीई (LTTE) :** श्रीलंका में तमिल टाइगर्स ने एक स्वतंत्र तमिल राज्य 'ईलम' के गठन के लिए दशकों तक हिंसक संघर्ष किया।

यह प्रकृति वैचारिक होने के साथ-साथ अलगाववादी भावनाओं से प्रेरित होती है।

**अथवा**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(b) किसी राष्ट्र के युवाओं पर पड़ने वाले नार्को-आतंकवाद के विपरीत प्रभावों का आकलन कीजिए।**

**उत्तर - नार्को-आतंकवाद के युवाओं पर पड़ने वाले घातक प्रभावों का आकलन -**

1. **स्वास्थ्य का पतन :** नार्को-आतंकवादी युवाओं को नशे का आदी बनाकर उनका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य नष्ट कर देते हैं, जिससे उनका भविष्य अंधकारमय हो जाता है।
2. **हिंसा और अपराध :** नशे के प्रभाव में युवा विवेक खो देते हैं और सरकारी संपत्ति को जलाने या हत्या जैसे हिंसक अपराधों में संलिप्त हो जाते हैं।
3. **आतंकवादी नेटवर्क :** ये समूह युवाओं का उपयोग तस्करी के लिए करते हैं और उन्हें अनजाने में राजनीतिक आतंकवाद तथा देश विरोधी गतिविधियों की ओर धकेलते हैं।

**प्रश्न 49.**

**(a) भारतीय थल सेना के किन्हीं चार मुख्य कार्यों की व्याख्या कीजिए।**

उत्तर - भारतीय थल सेना विश्व की तीसरी सबसे बड़ी और शक्तिशाली सेना है, जिसके मुख्य कार्य हैं -

1. **बाह्य सुरक्षा :** थल सेना का प्राथमिक कार्य विदेशी आक्रमणों, धमकियों और बाहरी खतरों से भारत की सीमाओं, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करना है।
2. **आंतरिक सुरक्षा :** देश की सीमाओं के भीतर होने वाले विद्रोहों और आतंकवादी गतिविधियों का मुकाबला करना ताकि नागरिकों और सरकार की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।
3. **मानवीय सहायता और आपदा राहत :** प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़ या भूकंप के समय नागरिक प्रशासन की सहायता करना, राहत सामग्री पहुँचाना और प्रभावित लोगों की जान बचाना इसका प्रमुख द्वितीयक कार्य है।
4. **शांति स्थापना मिशन :** संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक शांति अभियानों में भाग लेकर मित्र देशों की सहायता करना और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शांति बनाए रखना।

**अथवा**

**(b) भारतीय थल सेना के किन्हीं तीन फाइटिंग आर्म्स (fighting arms) तथा तीन सपोर्टिंग आर्म्स (supporting arms) को सूचीबद्ध कीजिए।**

**उत्तर - भारतीय थल सेना के हथियारों की सूची -**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

| लड़ाकू हथियार (Fighting Arms) | सहायक हथियार (Supporting Arms) |
|---|---|
| **1. इन्फैंट्री (पैदल सेना) :** यह ग्राउंड होल्डिंग और प्रत्यक्ष आक्रामक अभियानों के लिए मुख्य बल है। | **1. आर्टिलरी (तोपखाना) :** बंदूक, रॉकेट और मिसाइलों के माध्यम से लंबी दूरी की मारक क्षमता प्रदान करता है। |
| **2. बख्तरबंद कोर (आर्मर) :** ये टैंकों का उपयोग करके दुश्मन पर आक्रामक प्रहार करने वाले दल हैं। | **2. इंजीनियर्स (कोर ऑफ इंजीनियर्स) :** रक्षा प्रणाली, पुल, सड़क और जलापूर्ति की व्यवस्था करने हेतु उत्तरदायी है। |
| **3. मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री :** मशीनों से लैस यह पैदल सेना तोपखाने और टैंकों के साथ मिलकर सेना को तीव्र गति प्रदान करती है। | **3. सिग्नल्स (कोर ऑफ सिग्नल्स) :** युद्ध के दौरान और शांति काल में संपूर्ण सेना को संचार सहायता प्रदान करता है। |

**प्रश्न 50.**

**(a) 1971 में पाकिस्तान के साथ युद्ध में भारतीय वायुसेना की भूमिका को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर -** 1971 के युद्ध में भारतीय वायुसेना ने पूर्वी और पश्चिमी दोनों मोर्चों पर अपना पूर्ण वर्चस्व स्थापित किया। युद्ध की शुरुआत 3 दिसंबर 1971 को पाकिस्तानी हवाई हमले के बाद हुई, जिसका भारतीय वायुसेना ने मुँहतोड़ जवाब दिया। वायुसेना ने मिग-21, हंटर, केनबेरा और गनेट जैसे विमानों का प्रभावी उपयोग किया। वायुसेना की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका थल सेना को हवाई सुरक्षा (Air Cover) प्रदान करना और दुश्मन के हवाई क्षेत्रों को ध्वस्त करना था। भारतीय हंटर विमानों ने विशेष रूप से टैंकों को नष्ट करने में बड़ी भूमिका निभाई। वायुसेना की इसी श्रेष्ठता के कारण दुश्मन की सैन्य गतिशीलता पूरी तरह रुक गई, जिससे मात्र 13 दिनों में भारत को ऐतिहासिक जीत प्राप्त हुई।

**अथवा**

**(b) 1971 में भारतीय थल सेना द्वारा पूर्वी पाकिस्तान में आक्रमण करने की रणनीति की व्याख्या कीजिए। युद्ध का अन्तिम परिणाम क्या था?**

**उत्तर** - 1971 के युद्ध में भारतीय थल सेना की रणनीति अत्यंत तीव्र और चहुंओर आक्रमण पर आधारित थी। लेफ्टिनेंट जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा के नेतृत्व में 9 पैदल सैन्य टुकड़ियों (डिवीजन), बख्तरबंद गाड़ियों और वायुसेना के सहयोग से पूर्वी पाकिस्तान को चारों तरफ से घेर लिया गया। सेना का मुख्य लक्ष्य पूर्वी पाकिस्तान की राजधानी ढाका पर तेजी से कब्जा करना था। थल सेना ने मुक्ति वाहिनी के साथ मिलकर गुरिल्ला युद्ध पद्धति का भी समर्थन किया। युद्ध का अंतिम परिणाम यह हुआ कि मात्र 13 दिनों के भीतर पाकिस्तानी सेना परास्त हो गई। 16 दिसंबर 1971 को लेफ्टिनेंट जनरल

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

ए.ए.के. नियाजी ने 93,000 सैनिकों के साथ बिना शर्त आत्मसमर्पण कर दिया, जिससे पूर्वी पाकिस्तान आजाद हुआ और एक नए राष्ट्र 'बांग्लादेश' का जन्म हुआ।

**प्रश्न 51.**

**(a) विद्रोह तथा आतंकवाद के बीच कोई तीन अन्तर लिखिए।**

**उत्तर - विद्रोह तथा आतंकवाद के बीच कोई तीन अन्तर -**

| अंतर का आधार | राजद्रोह (विद्रोह) | आतंकवाद |
|---|---|---|
| **1. जन भागीदारी** | इसमें आम लोग समूह का हिस्सा होते हैं, इसे 'लोगों का युद्ध' कहा जाता है। | इसमें आम लोग शामिल नहीं होते; यह एक नेता के अधीन छोटे गुप्त समूहों द्वारा चलाया जाता है। |
| **2. मुख्य लक्ष्य** | इसका मुख्य उद्देश्य राजनीतिक विचारधारा के आधार पर वर्तमान सरकार को गिराना या सत्ता परिवर्तन होता है। | इसका प्राथमिक लक्ष्य हिंसा और आतंक के माध्यम से जनता में दहशत और डर पैदा करना होता है। |
| **3. सहयोग और समर्थन** | ये समूह प्रायः स्थानीय लोगों की सहानुभूति और उनसे मिलने वाले धन व रसद सहयोग पर निर्भर होते हैं। | ये संगठन अक्सर बाहरी शक्तियों या अन्य देशों से वित्तीय मदद और अवैध सहयोग प्राप्त करते हैं। |

**अथवा**

**(b) आतंकवाद के किन्हीं चार प्रकारों (रूपों) का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर** - आतंकवाद के चार प्रमुख रूप -


**1. राजनीतिक आतंकवाद :** वह आतंकवाद जिसका उद्देश्य किसी विशेष समुदाय या हिस्से में डर पैदा करके राजनीतिक लक्ष्यों की पूर्ति करना है, जैसे श्रीलंका में लिट्टे (LTTE) का अभियान।

**2. राज्य प्रायोजित आतंकवाद :** जब कोई देश अपनी विदेश नीति के साधन के रूप में दूसरे देश के खिलाफ आतंकवादी समूहों को धन, हथियार और प्रशिक्षण देकर समर्थन करता है, जैसे पाकिस्तान द्वारा लश्कर-ए-तैयबा की मदद।

**3. नार्को-आतंकवाद :** इसमें नशीले पदार्थों के अवैध व्यापार से प्राप्त धन का उपयोग आतंकी गतिविधियों के लिए किया जाता है। यह युवाओं को नशे का आदी बनाकर उन्हें हिंसक अपराधों के लिए प्रेरित करता है।

**4. जातीय-राष्ट्रवादी आतंकवाद :** इस रूप में आतंकवादी समूह अपनी विशिष्ट जातीय पहचान के आधार पर अधिक स्वायत्तता या अलग राष्ट्र की माँग करते हैं, जैसे असम में उल्फा (ULFA) का बोडोलैंड आंदोलन।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/



# NIOS PYQ's SOLUTIONS

PREVIOUS YEARS' QUESTIONS & ANSWERS



## OCTOBER-2024

Your Path to Success

# खण्ड – अ (SECTION – A)

**प्रश्न 1. 'अग्निपुराण' नामक ग्रंथ किस भाषा में है?**

**(A) प्राकृत** **(B) संस्कृत**

**(C) तमिल** **(D) देवनागरी**

उत्तर - (B) संस्कृत

**प्रश्न 2. मौर्यकाल के दौरान अक्षणी या सेना में कितनी पट्टी शामिल होती थीं?**

**(A) 21000** **(B) 21670**

**(C) 21870** **(D) 21900**

उत्तर - (C) 21870

**प्रश्न 3. कौन सा साम्राज्य भारतीय इतिहास का एक महत्वपूर्ण मोड़ था?**

**(A) मुगल साम्राज्य** **(B) मौर्य साम्राज्य**

**(C) नन्द साम्राज्य** **(D) उपरोक्त में से कोई नहीं**

उत्तर - (B) मौर्य साम्राज्य

**प्रश्न 4. 'अर्थशास्त्र' की रचना/लेखन किसने किया था?**

**(A) अशोक** **(B) चाणक्य**

**(C) बिम्बिसार** **(D) चन्द्रगुप्त**

उत्तर - (B) चाणक्य (कौटिल्य)

**प्रश्न 5. 'वर्ण' व्यवस्था में सर्वश्रेष्ठ योद्धा किसे माना जाता था?**

**(A) पट्टी** **(B) पैदल सेना**

**(C) क्षत्रिय** **(D) उपरोक्त में से कोई नहीं**

उत्तर - (C) क्षत्रिय

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 6. किस शताब्दी में फारसी राजा डेरियस ने भारत के उत्तर-पश्चिमी भाग पर आक्रमण किया था?**

**(A) तीसरी शताब्दी ई.पू.** **(B) चौथी शताब्दी ई.पू.**

**(C) पाँचवी शताब्दी ई.पू.** **(D) छटी शताब्दी ई.पू.**

**उत्तर** - (D) छटी शताब्दी ई.पू. *(NIOS की पुस्तक के अनुसार, (C) पाँचवी शताब्दी ई.पू. अध्याय 5.1)*

**प्रश्न 7. 'तराइन के द्वितीय युद्ध' में किसकी जीत हुई थी?**

**(A) मोहम्मद गज़नी** **(B) मोहम्मद घोरी**

**(C) पृथ्वीराज चौहान** **(D) उपरोक्त में से कोई नहीं**

**उत्तर** - (B) मोहम्मद घोरी

**प्रश्न 8. निम्नलिखित में से कौन 'गुलाम वंश' का संस्थापक था?**

**(A) इल्तुत्मिश** **(B) मोहम्मद गज़नी**

**(C) कुतुब-उद्-दिन-ऐबक** **(D) मोहम्मद घोरी**

**उत्तर** - (C) कुतुब-उद्-दिन-ऐबक

**प्रश्न 9. दारा शिकोह की हत्या किसने की थी?**

**(A) बाबर** **(B) औरंगज़ेब**

**(C) अकबर** **(D) शाहजहान**

**उत्तर** - (B) औरंगज़ेब

**प्रश्न 10. तलवार का सामान्य नाम क्या था?**

**(A) तेग़** **(B) शमशीर**

**(C) खुखरी** **(D) भाला**

**उत्तर** - (B) शमशीर

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 11. मंगल पांडे को फाँसी किस तिथि को दी गई थी?**

**(A) 4 अप्रैल 1857** **(B) 5 अप्रैल 1857**

**(C) 7 अप्रैल 1857** **(D) 8 अप्रैल 1857**

**उत्तर** - (D) 8 अप्रैल 1857

**प्रश्न 12. 'Japan's Last Bid for Victory : The Invasion of India 1944' के लेखक का नाम चुनिए।**

**(A) क्लाउड औचिनलेक** **(B) रॉबर्ट लिमन**

**(C) मार्शल स्लिम** **(D) चाणक्य**

**उत्तर** - (B) रॉबर्ट लिमन

**प्रश्न 13. 1857 के विद्रोह से पूर्व मद्रास सेना का कमांडर-इन-चीफ कौन था?**

**(A) क्वीन एलिजाबेथ** **(B) ईस्ट इंडिया कम्पनी**

**(C) जनरल सर जॉन क्रैडोक** **(D) लेफ्टिनेंट बौग**

**उत्तर** - (C) जनरल सर जॉन क्रैडोक

**प्रश्न 14. क्राउन प्रिंस आर्चड्यूक फ्रैंस फेर्डिनेण्ड की हत्या किस स्थान पर हुई थी?**

**(A) ऑस्ट्रिया** **(B) सराजीवो**

**(C) फ्रांस** **(D) इटली**

**उत्तर** - (B) सराजीवो

**प्रश्न 15. न्यूवे चैपल युद्ध में इंग्लैंड की रानी से प्रतिष्ठित 'विक्टोरिया क्रॉस' अर्जित करने से संबंधित निम्नलिखित कथन पर विचार करें।**

**(a) सिपाही खुदादत खान ने प्रतिष्ठित विक्टोरिया क्रॉस अर्जित किया।**

**(b) सुबेदार मिर दस्त ने प्रतिष्ठित विक्टोरिया क्रॉस अर्जित किया।**

**(A) केवल (a) ही सही है।**

**(B) केवल (b) ही सही है।**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(C) दोनों (a) और (b) सही है।**

**(D) न तो (a) और न ही (b) सही है।**

उत्तर - (C) दोनों (a) और (b) सही है।

**प्रश्न 16. द्वितीय विश्व युद्ध में धुरी की शक्तियाँ कौन से देश थे?**

**(A) जर्मनी** **(B) जपान**

**(C) इटली** **(D) उपरोक्त सभी**

उत्तर - (D) उपरोक्त सभी

**प्रश्न 17. यप्रिस (बैल्जियम) की द्वितीय लड़ाई कब शुरू हुई थी?**

**(A) अप्रैल 1915** **(B) अप्रैल 1914**

**(C) अप्रैल 1916** **(D) अप्रैल 1913**

उत्तर - (A) अप्रैल 1915

**प्रश्न 18. भारतीय सशस्त्र बलों का सर्वोच्च कमांडर कौन है?**

**(A) राष्ट्रपति** **(B) प्रधान मंत्री**

**(C) रक्षा मंत्री** **(D) गृह मंत्री**

उत्तर - (A) राष्ट्रपति

**प्रश्न 19. एक प्लाट्रन में ___ सैनिक होते हैं।**

**(A) 32** **(B) 36**

**(C) 38** **(D) 40**

उत्तर - (B) 36

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 20. निम्नलिखित में से कौन क्रूज़ मिसाइल प्रणाली का एक उदाहरण है?**

**(A) तुगबोट्स**

**(B) निर्भय**

**(C) क्लब SS-N-27**

**(D) उपरोक्त में से कोई नहीं**

उत्तर - (B) निर्भय *[विकल्प (C) क्लब SS-N-27, क्रूज मिसाइलों का एक परिवार है।)*

**प्रश्न 21. सही मिलान कीजिए :**

**(a) सहायक बेड़ा**

**(b) क्रूज़ मिसाइल**

**(i) क्लब SS-N-27**

**(ii) तुगबोट्स**

**(iii) पृथ्वी II**

उत्तर - (a) - (ii), (b) - (i)

**प्रश्न 22. ब्रिटिश सरकार ने एक ___ सेना और एक ___ सेना बनाई।**

उत्तर - (i) भारतीय, (ii) ब्रिटिश

**प्रश्न 23. भारतीय सेना दिवस प्रत्येक वर्ष ___ को राष्ट्रीय राजधानी ___ में मनाया जाता है।**

उत्तर - (i) 15 जनवरी, (ii) नई दिल्ली

**प्रश्न 24. सिनो-इन्डियन युद्ध ___ और ___ के बीच 1962 में हुआ था।**

उत्तर - (i) भारत, (ii) चीन

**प्रश्न 25. जुलाई 1958 में ___ ने ___ किले के पास लद्दाख क्षेत्र का उल्लंघन किया।**

उत्तर - (i) चीन, (ii) खुरनाक

**प्रश्न 26. मिलान करो :**

**(a) भारतीय पूर्वी नौसेना कमान**

**(b) भारतीय पश्चिमी नौसेना कमान**

**(i) वाइस एड्मिरल SN कोहली**

**(ii) सर जॉन क्रैडोक**

**(iii) वाइस एडमिरल एन. कृष्णन**

उत्तर - (a) - (iii), (b) - (i)

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 27. ___ और ___ वह दो भारतीय नौसेना जहाज़ थे जिन्होंने 1971 में नौसैनिक युद्ध प्रयासों में भाग लिया था।**

**उत्तर** - (i) INS विक्रांत, (ii) INS निपट (निपात)

**प्रश्न 28. ___ लीग के नेता शेख मुजीब-उर-रहमान को ___ में गिरफ्तार किया गया था।**

**उत्तर** - (i) आवामी, (ii) मार्च 1971

**प्रश्न 29. कारगिल युद्ध ___ और ___ देशों के बीच लड़ा गया था।**

**उत्तर** - (i) भारत, (ii) पाकिस्तान

**प्रश्न 30. कारगिल युद्ध में बंदूक धारियों की बहादुरी और शौर्य के कारण ___ और मश्कोह सैक्टरों को छुड़ा पाई और पॉइंट 4875 को ___ नाम दिया गया।**

**उत्तर** - (i) द्रास, (ii) गन हिल

**प्रश्न 31. मिलान करो :**

| | |
|---|---|
| **(a) ऑपरेशन विजय** | **(i) भारतीय नौसेना** |
| **(b) ऑपरेशन ट्रिडेंट** | **(ii) भारतीय सेना** |
| | **(iii) भारतीय वायु सेना** |

**उत्तर** - (a) - (ii), (b) - (i)

**प्रश्न 32. गुरिल्ला युद्ध एक प्रकार का युद्ध है जो ___ द्वारा ___ बलों के विरुद्ध प्रयोग किया जाता है।**

**उत्तर** - (i) छोटे समूहों (राजद्रोहियों), (ii) सरकारी (सैन्य)

**प्रश्न 33. आतंकवादी हमले के कुछ उदाहरण है 2001 में न्यूयॉर्क में ___ पर हमला और 2008 में भारत में ___ हमला हैं।**

**उत्तर** - (i) वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, (ii) मुंबई

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 34. सही मिलान कीजिए:**

| | |
|---|---|
| **(a) वामपंथी आतंकवाद** | **(i) नशीली पदार्थों की तस्करी** |
| **(b) जातीय राष्ट्रवादी आतंकवाद** | **(ii) तमिल टाइगर** |
| | **(iii) मार्कसवादी लेनिनवादी आतंकवाद** |

उत्तर - (a) - (iii), (b) - (ii)

**प्रश्न 35. वह पूरा क्षेत्र जहाँ नक्सलवादी सक्रिय हैं ___ कहलाता है जो लगभग ___ जिलों को कवर करता है।**

उत्तर - (i) लाल गलियारा, (ii) 170

# खण्ड – ब (SECTION – B)

**प्रश्न 36. गुढ़युद्ध या छद्म युद्ध से आपका क्या तात्पर्य है ?**

उत्तर - कौटिल्य के अनुसार, यह वह युद्ध है जो एजेंटों या दोहरे एजेंटों के माध्यम से छिपकर लड़ा जाता है। इसे छद्म युद्ध भी कहते हैं क्योंकि इसमें शत्रु सीधे सामने नहीं आता। यह आधुनिक समय के 'सरोगेट वॉर' जैसा है।

**अथवा**

**विशिष्ट सेना से क्या अभिप्राय है ?**

उत्तर - विशिष्ट सेना का अर्थ एक ऐसे कुशल युद्ध संगठन से है जो पूरी तरह भलीभांति प्रशिक्षित होता है और सदैव युद्ध के लिए तैयार रहता है। यह सेना विशेष अभियानों और विषम परिस्थितियों में लड़ने में सक्षम होती है।

**प्रश्न 37. मुगल वंश के दो प्रमुख शासकों के नाम लिखिए।**

उत्तर - मुगल वंश के दो प्रमुख शासक **बाबर** और **अकबर** थे। बाबर ने इस साम्राज्य की नींव रखी, जबकि अकबर ने इसे एक विश्वसनीय राजनीतिक और प्रशासनिक संरचना प्रदान की।

**अथवा**

**मुगलों द्वारा दूर से आक्रमण करने के लिए प्रयोग किए जाने वाले किन्हीं दो हथियारों के नाम लिखिए।**

उत्तर - **मुगलों के दो हथियार (दूर से आक्रमण) :** मुगल सेना दूर से आक्रमण करने के लिए मुख्य रूप से **तीर-कमान** और **बंदूक (तूफांग)** का प्रयोग करती थी। इसके अलावा, वे छोटे शस्त्रों में तमंचा (पिस्तौल) का भी उपयोग करते थे।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 38. 'गोद लेने का सिद्धान्त' से क्या अभिप्राय है ?**

उत्तर - **'गोद लेने का सिद्धान्त' :** यह अंग्रेजों की एक नीति थी, जिसके तहत यदि किसी रियासत के राजा का कोई प्राकृतिक उत्तराधिकारी नहीं होता था, तो उस राज्य को ब्रिटिश साम्राज्य में मिला लिया जाता था। 1858 में इसे समाप्त कर दिया गया।

**अथवा**

**1857 के विद्रोह का नेतृत्व करने वाले दो भारतीय नेताओं का नाम लिखिए।**

उत्तर - **1857 के विद्रोह के दो नेता :** 1857 के विद्रोह का नेतृत्व करने वाले प्रमुख भारतीय नेताओं में **झांसी की रानी (लक्ष्मीबाई)** और **तात्या टोपे** शामिल थे। मंगल पांडे ने इस विद्रोह की शुरुआती चिंगारी भड़काई थी।

**प्रश्न 39. 1962 में असम में किन दो स्थानों पर क्रूज़ हमला हुआ था ?**

उत्तर - **1962 में असम में क्रूज़ हमला :** 20 अक्टूबर 1962 को चीनी सेना ने तत्कालीन असम (वर्तमान अरुणाचल प्रदेश) के थाग्ला (थांगला) पर हमला किया। इसके अगले दिन, 21 अक्टूबर को चीनी सेना ने वालोंग क्षेत्र पर भी आक्रमण किया।

**प्रश्न 40. 1962 के भारत-चीन युद्ध के विवादों का विश्लेषण कीजिए।**

उत्तर - **1962 भारत-चीन युद्ध विवाद विश्लेषण :** 1962 के भारत-चीन युद्ध के विवादों में 1914 की मैकमोहन रेखा, 1865 की जॉनसन रेखा और अक्साई चिन का मुद्दा शामिल था। चीन ने इन्हें अस्वीकार किया। साथ ही, 1959 में दलाई लामा को शरण और अक्साई चिन में सड़क निर्माण से तनाव बढ़ा।

**प्रश्न 41. प्रथम विश्व युद्ध के दौरान फ्रांस में भारतीय सेना की भूमिका की व्याख्या कीजिए।**

उत्तर - **प्रथम विश्व युद्ध में भारतीय सेना :** प्रथम विश्व युद्ध में 1.5 मिलियन भारतीय सैनिकों ने स्वेच्छा से भाग लिया। उन्होंने फ्रांस में 'न्यूवे चैपल' और 'यप्रिस' जैसे भीषण युद्धों में अपनी बहादुरी का लोहा मनवाया। सिपाही खुदादाद खान विक्टोरिया क्रॉस पाने वाले पहले भारतीय बने।

**अथवा**

**'भारतीय लोगों का मैग्नाकार्ट' के दिशा-निर्देशों की व्याख्या कीजिए।**

उत्तर - **'भारतीय लोगों का मैग्नाकार्ट' :** 1 नवंबर 1858 को महारानी की घोषणा को 'मैग्नाकार्ट' कहा गया। इसके मुख्य दिशा-निर्देश थे -

1. 'गोद लेने के सिद्धांत' की समाप्ति।
2. ब्रिटिश साम्राज्य के विस्तार की नीति पर रोक।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

3. विद्रोहियों (हत्यारों को छोड़कर) को माफी।

4. भारतीय सैनिकों को ब्रिटिश फौज में नियमित नियुक्तियां देना।

**प्रश्न 42. 'नरसंहार' का अर्थ लिखिए।**

**उत्तर** - **'नरसंहार' का अर्थ :** नरसंहार का तात्पर्य सत्ताधारी पार्टी या किसी समूह द्वारा अपनी सत्ता बचाने या वर्चस्व स्थापित करने के लिए समाज के एक विशेष वर्ग के लोगों की बड़े पैमाने पर की जाने वाली हत्या है। 1971 में पाकिस्तान ने पूर्वी पाकिस्तान में ऐसा ही कृत्य किया था।

**प्रश्न 43. नियमित सेना और भाड़े की सेना में क्या अंतर है?**

**उत्तर** - नियमित सेना और भाड़े की सेना में अंतर -

| नियमित सेना | भाड़े की सेना |
|---|---|
| 1. ये सैनिक देशभक्ति और राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव से प्रेरित होते हैं। | 1. ये मुख्य रूप से धन लाभ और आर्थिक फायदों के लिए युद्ध लड़ते हैं। |
| 2. यह एक स्थायी संगठन है जहाँ सैनिक स्वेच्छा से लंबी अवधि तक सेवा देते हैं। | 2. यह एक अस्थायी व्यवस्था है; विशेष उद्देश्य पूरा होने पर इसे रद्द कर दिया जाता है। |
| 3. ये सैनिक उच्च प्रशिक्षित, अनुशासित और युद्ध कौशल में माहिर होते हैं। | 3. ये नियमित सेना की तुलना में कम प्रशिक्षित और कम अनुशासित होते हैं। |

**अथवा**

**मगध, किस प्रकार मौर्य साम्राज्य का केन्द्र बना? व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर** - मगध के मौर्य साम्राज्य का प्रमुख केंद्र बनने के पीछे कई महत्वपूर्ण भौगोलिक और रणनीतिक कारण थे। मगध की राजधानी राजगृह पाँच पहाड़ियों से घिरी होने के कारण प्राकृतिक रूप से सुरक्षित थी। गंगा के मैदान में स्थित होने के कारण यहाँ की भूमि अत्यंत उपजाऊ थी, जिससे कृषि समृद्ध हुई। इसके अलावा, दक्षिण के जंगलों से हाथियों और इमारती लकड़ी की प्रचुर उपलब्धता ने सैन्य शक्ति को मजबूती प्रदान की। परिणामस्वरूप, चंद्रगुप्त मौर्य को नंद वंश से एक विशाल सुगठित सेना विरासत में मिली, जिसने मगध को पूरे भारत पर विजय प्राप्त करने का आधार बनाया।

**प्रश्न 44. तराइन के प्रथम युद्ध की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर** - तराइन का प्रथम युद्ध 1191 ई. में वर्तमान हरियाणा के थानेश्वर के पास मोहम्मद गोरी और राजपूत राजा पृथ्वीराज चौहान के मध्य लड़ा गया था। इस युद्ध में पृथ्वीराज चौहान की सेना ने वीरता का परिचय देते हुए गोरी की सेना को पराजित किया। गोरी इस युद्ध में घायल होकर पीछे हट गया और उसकी जान उसके वफादार गुलाम कुतुबुद्दीन ऐबक ने बचाई।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

हालांकि, पृथ्वीराज द्वारा भागती हुई शत्रु सेना का पीछा न करना और उन्हें जीवित छोड़ देना बाद में एक ऐतिहासिक भूल साबित हुई।

**अथवा**

**तराइन के द्वितीय युद्ध की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर** - तराइन का द्वितीय युद्ध 1192 ई. में मोहम्मद गोरी और पृथ्वीराज चौहान के बीच लड़ा गया। इस युद्ध में मोहम्मद गोरी विजयी हुआ और भारत में तुर्की शासन की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हुआ। गोरी ने तीव्र सैन्य तकनीक और घोड़ों की बेहतर गति का प्रयोग किया। राजपूत सेना संख्या में अधिक होने के बावजूद गोरी की घेराबंदी वाली युद्ध नीति को समझ नहीं पाई और पराजित हो गई।

**प्रश्न 45. भारतीय सेना की कमांड का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर** - भारतीय सेना का संगठनात्मक ढांचा कुल सात कमांडों में विभाजित है। इनमें छह परिचालन (Operational) कमांड हैं - उत्तरी, पूर्वी, मध्य, पश्चिमी, दक्षिण-पश्चिमी और दक्षिणी कमांड। सातवीं 'सेना प्रशिक्षण कमांड' शिमला में स्थित है। प्रत्येक कमांड का नेतृत्व 'लेफ्टिनेंट जनरल' रैंक का अधिकारी करता है जिसे 'जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ' कहा जाता है। पूरी संरचना का नियंत्रण सेना मुख्यालय द्वारा किया जाता है।

**प्रश्न 46. नौसेना के कमीशन्ड अफसरों की रैंक संरचना को सूचीबद्ध कीजिए।**

**उत्तर** - नौसेना के कमीशन्ड अफसरों की रैंक संरचना की सूचीबद्धता -

एडमिरल ऑफ द फ्लीट

↓

एडमिरल

↓

वाइस एडमिरल

↓

रियर एडमिरल

↓

कमाडोर

↓

कैप्टन

↓

कमांडर

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

↓

लेफ्टिनेंट कमांडर

↓

लेफ्टिनेंट

↓

सब लेफ्टिनेंट

**प्रश्न 47. भारतीय वायु सेना के उद्देश्य का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर** - भारतीय वायु सेना के मुख्य उद्देश्य -

1. **हवाई रक्षा :** थल व नौसेना के साथ मिलकर देश के हवाई क्षेत्र की रक्षा करना।
2. **सैन्य सहायता :** युद्ध क्षेत्र में सेना को हवाई सहायता देना और सैनिकों व रसद सामग्री को रणनीतिक रूप से पहुँचाना।
3. **मानवीय सहायता :** प्राकृतिक आपदाओं के समय राहत कार्य करना और विदेशों में फंसे भारतीयों को सुरक्षित निकालना।
4. **अंतरिक्ष संचालन :** ISRO के साथ मिलकर सैन्य उद्देश्यों के लिए अंतरिक्ष संपत्तियों का प्रबंधन करना।

**प्रश्न 48. प्रथम विश्व युद्ध में भारत के योगदान की परख कीजिए।**

**उत्तर** - प्रथम विश्व युद्ध (1914-1918) में भारत का योगदान -

1. **सैन्य शक्ति :** भारत के लगभग 1.5 मिलियन सैनिकों ने ब्रिटिश सेना की ओर से विभिन्न मोर्चों पर स्वेच्छा से भाग लिया।
2. **वीरता पुरस्कार :** भारतीय सैनिकों ने अदम्य साहस दिखाते हुए 11 विक्टोरिया क्रॉस सहित हजारों पदक जीते।
3. **आर्थिक व रसद सहायता :** भारत ने 146.2 मिलियन पाउंड का ऋण दिया और करोड़ों की संख्या में कारतूस, राइफलें, वर्दियां और खाद्य सामग्री की आपूर्ति की।

**अथवा**

**द्वितीय विश्व युद्ध के कारणों की जाँच कीजिए।**

**उत्तर** - द्वितीय विश्व युद्ध (1939-1945) के मुख्य कारण निम्नलिखित थे:

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

1. **हिटलर की महत्वाकांक्षा :** एडोल्फ हिटलर का यूरोप और रूस पर सत्ता जमाने का विचार युद्ध का प्रमुख कारण बना।

2. **पोलैंड पर आक्रमण :** 1 सितंबर 1939 को जर्मनी द्वारा पोलैंड पर किए गए आक्रमण से आधिकारिक रूप से युद्ध शुरू हुआ।

3. **गुटबाजी :** विश्व दो गुटों मित्र राष्ट्र और धुरी राष्ट्र में विभाजित हो गया, जिससे संघर्ष व्यापक हो गया।

4. **जापानी विस्तारवाद :** एशिया में जापान द्वारा चीन पर आक्रमण और अपना प्रभुत्व बढ़ाने की नीति ने युद्ध को तीव्र किया।

**प्रश्न 49. कारगील संघर्ष में भारतीय मीडिया के योगदान की परख कीजिए।**

उत्तर - कारगिल संघर्ष (1999) दक्षिण एशिया का पहला ऐसा युद्ध था, जिसका टेलीविजन पर सीधा प्रसारण किया गया। भारतीय मीडिया ने इस संघर्ष में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई -

1. **सीधा प्रसारण :** सरकार ने युद्ध के मैदान से सीधे प्रसारण की अनुमति दी, जिससे देशवासियों को युद्ध की वास्तविकताओं और दुर्गम पहाड़ियों पर सैनिकों के संघर्ष की जानकारी मिली।

2. **मनोबल में वृद्धि :** मीडिया द्वारा प्रसारित वीरगाथाओं ने न केवल भारतीय नागरिकों को एकजुट किया, बल्कि सीमा पर लड़ रहे सैनिकों का मनोबल भी बढ़ाया।

3. **अंतर्राष्ट्रीय खुलासा :** भारतीय मीडिया की खबरों को विदेशी अखबारों जैसे द टाइम्स, वाशिंगटन पोस्ट ने भी प्रमुखता दी, जिससे वैश्विक स्तर पर पाकिस्तान द्वारा आतंकवादियों को दी जा रही मदद का पर्दाफाश हुआ।

4. **प्रभावी सूचना तंत्र :** पाकिस्तानी विशेषज्ञों ने भी माना कि भारत सरकार अपने मीडिया के माध्यम से जनता और विश्व का विश्वास जीतने में सफल रही।

**अथवा**

**पश्चिमी पाकिस्तान और पूर्वी पाकिस्तान के बीच युद्ध में भारतीय सशस्त्र बलों की भूमिका की जाँच कीजिए।**

उत्तर - **पश्चिमी पाकिस्तान और पूर्वी पाकिस्तान के बीच युद्ध में भारतीय सशस्त्र बलों की भूमिका :** 1971 के युद्ध में पहली बार भारतीय थल सेना, नौसेना और वायु सेना ने एक साथ मिलकर ऐतिहासिक भूमिका निभाई -

1. **थल सेना :** जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा के नेतृत्व में पैदल सेना ने मात्र 13 दिनों के भीतर ढाका को चारों ओर से घेरकर पाकिस्तानी सेना को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर कर दिया।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

2. **नौसेना :** 'ऑपरेशन ट्राइडेंट' और 'पायथन' के जरिए कराची बंदरगाह को तबाह किया गया, जिससे पाकिस्तान की रसद आपूर्ति रुक गई। पूर्वी मोर्चे पर 'INS विक्रांत' ने बांग्लादेश की घेराबंदी कर पाक सेना को अलग-थलग कर दिया।

3. **वायु सेना :** 'मिग-21' और 'हंटर' विमानों ने दोनों मोर्चों पर श्रेष्ठता स्थापित की और थल सेना को सटीक हवाई सुरक्षा प्रदान की।

4. **परिणाम :** इस संयुक्त कौशल के कारण 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों ने बिना शर्त समर्पण किया और 'बांग्लादेश' का जन्म हुआ।

**प्रश्न 50. भारतीय नौसैना के हथियारों और उपकरणों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर** - **भारतीय नौसेना के हथियार और उपकरण :** भारतीय नौसेना आधुनिक मिसाइल प्रणालियों और उन्नत बेड़ों से सुसज्जित है -

1. **मिसाइल प्रणाली :** नौसेना 'ब्रह्मोस' (एंटी-शिप मिसाइल), 'K-15 सागरिका' (बैलिस्टिक मिसाइल) और 'निर्भय' क्रूज़ मिसाइल का उपयोग करती है। सतह से मार करने हेतु 'पृथ्वी-II (धनुष)' भी उपलब्ध है।

2. **समुद्री बेड़ा :** इसमें परमाणु ऊर्जा चालित और पारंपरिक पनडुब्बियाँ, विमान वाहक पोत, विनाशक (Destroyers), और फ्रिगेट शामिल हैं।

3. **हवाई शाखा :** नौसेना के पास मिग-29K जैसे लड़ाकू विमान, 'कामोव-31' जैसे चेतावनी देने वाले जहाज और 'सी किंग' जैसे पनडुब्बी रोधी हेलीकॉप्टर हैं।

4. **निगरानी और उपग्रह :** समुद्री टोही के लिए 'P-8I नेप्च्यून' विमान और नौसेना के लिए विशेष रूप से समर्पित उपग्रह 'GSAT-7' का प्रयोग किया जाता है।

**अथवा**

**भारतीय नौसेना की प्रमुख भूमिका और जिम्मेदारियों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर** - **भारतीय नौसेना की प्रमुख भूमिका और जिम्मेदारियां -**

1. **सैन्य भूमिका :** इसका प्राथमिक कार्य समुद्री सीमाओं की रक्षा करना, तटीय क्षेत्रों की निगरानी करना और युद्ध की स्थिति में शत्रुओं के जहाजों व पनडुब्बियों के विरुद्ध कार्रवाई करना है। यह सैनिकों को युद्ध क्षेत्र तक पहुँचाने का कार्य भी करती है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

2. **कूटनीतिक भूमिका :** नौसेना विदेशी नीति के लक्ष्यों को प्राप्त करने और अंतर्राष्ट्रीय मित्रता को मजबूत करने में मदद करती है। इसमें विदेशी बंदरगाहों का दौरा करना, मित्र देशों के साथ युद्धाभ्यास करना और विदेशी नौसेना कर्मियों को प्रशिक्षण देना शामिल है।

3. **रक्षक दल (Constabulary) भूमिका :** समुद्र में कानून लागू करना, समुद्री डकैती, तस्करी और घुसपैठ जैसी अवैध गतिविधियों को रोकना नौसेना और कोस्ट गार्ड की जिम्मेदारी है।

4. **सौम्य कार्य :** मानवीय सहायता और आपदा राहत (HADR) प्रदान करना, जैसे चक्रवात या सुनामी के समय सहायता सामग्री पहुँचाना, चिकित्सा मदद देना और समुद्र में 'खोज एवं बचाव' (Search and Rescue) अभियान चलाना।

**प्रश्न 51. आतंकवाद से क्या अभिप्राय है? दो उदाहरण देकर आतंकवाद के विभिन्न प्रकारों के नाम लिखिए।**

**उत्तर** - आतंकवाद एक गैर-कानूनी हिंसक कृत्य है जिसका उद्देश्य निर्दोष नागरिकों की हत्या कर समाज में दहशत और डर पैदा करना है। इसका उपयोग किसी समूह द्वारा सरकार पर अपनी राजनीतिक या वैचारिक माँगों को मानने के लिए दबाव बनाने हेतु किया जाता है।

**आतंकवाद के प्रकार और उदाहरण -**

1. **राजनीतिक आतंकवाद :** यह वह हिंसक कृत्य है जो किसी समूह द्वारा राजनीतिक लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु समाज में डर पैदा करने के लिए किया जाता है। उदाहरण, श्रीलंका में लिट्टे (LTTE), जिसका लक्ष्य अलग तमिल राज्य बनाना था।

2. **गैर-राजनीतिक आतंकवाद :** यह वह आतंकी व्यवहार है, जिसमें धार्मिक या वैचारिक कारणों से हिंसक हमलों द्वारा दहशत फैलाई जाती है। उदाहरण, धार्मिक कट्टरता से प्रेरित समूहों द्वारा किए जाने वाले हमले।

3. **राज्य प्रायोजित आतंकवाद :** जब कोई देश आतंकी समूहों को सहायता देकर दूसरे देश पर दबाव बनाता है। उदाहरण, पाकिस्तान द्वारा जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा की सहायता करना।

4. **नार्को आतंकवाद :** इसके अंतर्गत नशीले पदार्थों की तस्करी से मिला धन आतंकी गतिविधियों में लगाया जाता है। उदाहरण, भारत-नेपाल सीमा पर ड्रग्स और हथियारों की तस्करी का गठजोड़।

**अथवा**

**राजद्रोह क्या है? राजद्रोह और आतंकवाद के बीच कोई दो अंतर लिखिए।**

**उत्तर** - राजद्रोह (Insurgency) एक ऐसा सशस्त्र विद्रोह है जो किसी देश की राष्ट्रीय सीमा के भीतर उसी देश के नागरिकों द्वारा अपनी ही सरकार के विरुद्ध किया जाता है। यह अकसर राजनीतिक इच्छाओं और विशिष्ट विचारधाराओं की पूर्ति के लिए होता है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**राजद्रोह और आतंकवाद के बीच दो प्रमुख अंतर -**

1. **जन भागीदारी का आधार :** राजद्रोह में अक्सर लोगों का एक बड़ा समूह शामिल होता है और इसे 'लोगों का युद्ध' कहा जाता है क्योंकि विद्रोही स्थानीय आबादी के बीच से होते हैं और उनका समर्थन प्राप्त करने का प्रयास करते हैं। इसके विपरीत, आतंकवाद में आम लोग शामिल नहीं होते; यह एक नेता के अधीन छोटे कट्टरपंथी समूहों द्वारा संचालित होता है।

2. **मुख्य लक्ष्य :** राजद्रोह का प्राथमिक लक्ष्य राजनीतिक होता है, जैसे कि वर्तमान सरकार को गिराकर सत्ता पर काबिज होना। जबकि आतंकवाद का प्रमुख लक्ष्य राजनीतिक मांगों के साथ-साथ समाज में व्यापक स्तर पर 'दहशत और डर' फैलाना होता है ताकि सरकार पर दबाव बनाया जा सके।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

# Thank you!

We hope you found this material helpful. We wish you the very best for your examination.

Strive for Excellence – Your Path to Success